Under jurisdiction of Bilaspur Court only
साउथ ईस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिटेड
SOUTH EASTERN COALFIELDS LIMITED
कोल इण्डिया का एक अंश / A Subsidiary of Coal India Ltd.)
कार्यालय : महाप्रबंधक,कुसमुण्डा क्षेत्र
OFFICE OF THE GENERALMANAGER KUSMUNDA AREA

5 DECADES OF UNEARTHING ENERGY

Tel: 07815-271233 (O)
Fax 07815-271250

Regd.Office
SEEPAT ROAD, POST BOX No: 60 BILASPUR (CG)

पो. कुसमुण्डा कॉलरी, जिला कोरबा (छ.ग.) पिन–495454
PO:KUSMUNDA COLLY.DIST:KORBA(CG).PIN-495454

क. साइकोलि / मप्र / कुस / मा0सं0 / 2026 / 2153

दिनांक 24 / 09 / 2026

एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र में पार्षदगण नगर पालिक परिषद, बांकी द्वारा सौंपे गये ज्ञापन क्रमांक 19 दिनॉक 10 / 09 / 2026 के संबंध में आयोजित बैठक दिनॉक 24 / 09 / 2026 का कार्यवृत्त

उपस्थित प्रतिनिधिगण

01 श्री एस0टी0पाटिल, महाप्रबंधक, कुसमुण्डा क्षेत्र
02 श्री आर0पी0दुबे, स्टाफ अधिकारी मा0सं0, कुसमुण्डा क्षेत्र
03 श्री महेश मेढ़ें, वरि0 प्रबंधक खनन, कुसमुण्डा क्षेत्र

राज्य शासन प्रतिनिधिगण

01 श्री अभिजीत राज भानू, तहसीलदार,दीपका
02 श्री खेलन सूर्यवंशी, नायब तहसीलदार, कोरबा
03 श्री रामसफल सिंह, नायब तहसीलदार, कोरबा

पार्षदगण / गेवरा बस्तीवासी

01 श्री श्रवण कुमार यादव, पीआईसी सदस्य (लोक निर्माण समिति) वार्ड नं0 28
02 श्री प्यारे लाल दिवाकर, वार्ड नं0 26
03 श्री इन्द्रजीत बिंझवार, वार्ड नं0 27
04 श्री राजकुमार कवंर, वार्ड नं0 24
05 श्री कन्हैया यादव
06 श्री प्रदीप कुमार पाटले
07 श्री सरोज कुमार साहू
08 श्री दिलमोहन सिंह कवंर
09 श्री रमेश
10 श्री रमेश दास
11 श्री फर्नाडिस कुर्रे
12 श्री राजेन्द्र प्रसाद
13 श्री महावीर कुमार
14 श्री रामेश्वर प्रसाद सोनी
15 श्री सुनील दास
16 श्री किशन राम
17 श्री रविकांत

18 श्री गोपाल प्रसाद यादव

बैठक के प्रारंभ में स्टाफ अधिकारी मा0सं0, कुसमुण्डा क्षेत्र द्वारा उपस्थित प्रतिनिधियों एवं गेवरा बस्ती वासियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात महाप्रबंधक, कुसमुण्डा क्षेत्र द्वारा ग्राम गेवरा बस्ती के अधिग्रहण बावत जो उनके खाता आदि पत्रक में त्रुटि सुधार तहसील कार्यालय दीपका कार्यवाही की जा रही है के संबंध में जो विशेष रूप से आज की बैठक के चर्चा का मुख्य विषय है के संबंध में अवगत कराया कि तहसील कार्यालय द्वारा इस दिशा में त्वरित कार्यवाही की जा रही है एवं इसकी विस्तार से जानकारी हेतु दीपका तहसील से आये तहसीलदार महोदय से आग्रह किया।

तहसीलदार, दीपका द्वारा सभा को अवगत विस्तार से जानकारी देते हुए अवगत कराया गया कि उनका विभाग इनके त्रुटि सुधार हेतु गंभीरता से कार्य कर रहा है और लगभग 80% खातेदारों की त्रुटियॉं सुधार की जा चुकी है एवं वर्तमान में लगभग 20% खातेदारों के रिकार्ड में गंभीर त्रुटियॉं परिलक्षित हुई है। जिसमें किन्हीं का भूमि का रकबा कम या ज्यादा अथवा निजी भूमि का शासकीय भूमि में दर्शाया जाना आदि 12 प्रकार की लगभग त्रुटियॉं पाई गई हैं जिसके सुधार हेतु कार्यवाही की जा रही है जिसमें लगभग दो माह का समय लगेगा। साथ ही उन्होंने प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि इस कार्य में संबंधित ग्राम वासियों सहयोग अति अपेक्षित है। क्योंकि उनके द्वारा अपने दावें के संबंध में जो भी दस्तावेज उनके पास उपलब्ध होगा जिसे तहसील कार्यालय में प्रस्तुत करने पर उसकी जॉच करना और निराकरण करना संभव हो पायेगा। इस हेतु प्रतिनिधिगणों ने तहसीलदार महोदय को आश्वस्त किया कि वे पूर्ण सहयोग करेंगे। साथ ही उन्होंने अनुरोध किया कि इसके लिए तहसील से शीघ्र नोटिस जारी किया जाए जिसे तहसीलदार महोदय द्वार ास्वीकार किया गया।

तत्पश्चात महाप्रबंधक, कुसमुण्डा क्षेत्र द्वारा स्थिति स्पष्ट करते हुए आश्वस्त किया गया कि उपरोक्त त्रुटियॉं पूर्ण होने के उपरान्त अविलंब कार्यवाही की जाएगी एवं लगभग 1 ½ माह के भीतर मुआवजा से संबंधित प्रकिया क्षेत्र से पूरी कर सक्षम स्तर पर अनुमोदन हेतु भेज दिया जाएगा। साथ ही साथ ग्राम गेवरा का DOL अनुमोदन हेतु माननीय कलेक्टर, कोरबा छ0ग0 को भेजा जाएगा ।

श्री श्रवण कुमार यादव, पीआईसी सदस्य (लोक निर्माण समिति) पार्षद वार्ड नं0 28, गेवरा बस्ती द्वारा भूमि अर्जन संबंधी बातों के साथ पूछे जाने पर कि असेट सर्वे किस आधार पर किया जाता है के संबंध में अवगत कराया गया कि ग्राम गेवरा के परिसम्पत्तियों का ड्रोन सर्वे किया जा चुका है एवं उसके आधार पर जिस समय आंकलन किया जाएगा उस समय प्रचलित दर के अनुपात में मुआवजा का गणना किया जाएगा। ग्राम प्रतिनिधियों द्वारा अनुरोध किया गया कि नरईबोध, धरमपुर में मुनादी कराकर इस आशय का बोर्ड लगवयाा जाना उचित होगा जिसे महाप्रबंधक महोदय द्वारा सहमति दी गई।

उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा उनके खेतों में फसल में पानी सुख जाने के कारण हो रही क्षति के मुआवजा संबंधी ध्यानाकर्षण किया गया जिस पर महाप्रबंधक महोदय द्वारा आश्वासन दिया गया कि नियमानुसार शासन की ओर से निर्देश प्राप्त होने पर तदनुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

श्री प्यारे लाल दिवाकर, पार्षद वार्ड नं0 26 द्वारा गेवरा बस्ती रोड के रिपेयरिंग की मॉग की गई जिसे महाप्रबंधक महोदय द्वारा उचित विचार करते हुए मरम्मत कराये जाने का आश्वासन दिया गया। उपरोक्त चर्चा से सभी उपस्थित प्रतिनिधिगण एवं ग्रामवासी संतोष प्रकट किये।

बैठक धन्यवाद ज्ञापन के साथ सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

स्टाफ अधिकारी (मा0सं0)
एसईसीएल, कुसमुण्डा क्षेत्र

वितरणः
महाप्रबंधक, कुसमुण्डा क्षेत्र
श्रीमान तहसीलदार, दीपका/कोरबा
स्टाफ अधिकारी (भू0रा0) कुसमुण्डा क्षेत्र
संबंधित प्रतिनिधिगण
संबंधित सहायक औ0सं0